## न्यूज डायरी



### एसपीडी के नेता पद के चुनाव के मद्देनजर जर्मन सरकार के गठबंधन पर संशय के बादल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बर्लिन। जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल की सरकार का भविष्य शनिवार को अधर में लटका है। सरकार की गठबंधन सहयोगी सोशल डेमोक्रेट्स अपने नेता पद के चुनाव के नतीजों की घोषणा करने के लिए तैयार है। एंजेला मर्केल सरकार चाहती है कि वित्त मंत्री ओलफ स्कोल्स और उप नेता के पद पर लड़ रहीं क्लारा गेविट्स चुनाव जीतें। ये दोनों मर्केल की दक्षिण की ओर झुकाव रखने वाली क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स के साथ वाम की ओर झुकाव रखने वाली एसपीडी के 2021 तक गठबंधन का हिस्सा बने रहने के पक्ष में हैं। साल 2017 में अनिर्णायक संसदीय चुनावों के बाद पिछले साल यह गठबंधन हुआ था। स्कोल्स और गेविट्स को चुनौती देने वाले सास्किया इस्केन और नोर्बर्ट वाल्टर–बोरजान्स हैं जो गठबंधन के खिलाफ रहे हैं। चुनाव के नतीजों की घोषणा अंतरराष्ट्रीय समयानुसार शाम पांच बजे की जाएगी।

### मृतक संख्या 50 पर पहुंची, तलाश और बचाव अभियान बंद किया गया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तिराना। अल्बानिया में मंगलवार तड़के आए भूकंप के बाद शुरू किए गए तलाश एवं बचाव अभियान को समाप्त कर दिया गया है। राहत एजेंसियों के अनुसार मलबे में और लोगों के दबे होने की उम्मीद नहीं है। वहीं, विनाशकारी भूकंप से मरने वालों की तादाद 50 पर पहुंच गई है।
प्रधानमंत्री एदी रामा ने कहा कि प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार मंगलवार तड़के आए 6.4 तीव्रता के भूकंप में राजधानी तिराना में 1,465 और पडोष्पी शहर ड्यूर्स में 900 घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार लगभग दो हजार लोग घायल हुए हैं। एक महिला कोमा में है।शुरुआती आकंड़ों के अनुसार कम से कम चार हजार लोग बेघर हुए हैं। क्षतिग्रस्त मकानों में रहने वाले लगभग 2,500 लोग होटलों में शरण लिये हुए हैं।

### भारतीय स्टूडेंट अभिषेक की अमेरिका में गोली मारकर हत्या

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरु। अमेरिका में कंप्यूटर विज्ञान में मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रहे मैसूरु के एक स्टूडेंट की अज्ञात हमलावर ने कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। परिवार के सदस्यों ने शनिवार को यह जानकारी दी। 25 वर्षीय अभिषेक सुदेश भट्ट के चचेरे भाई श्रीवत्स ने बताया कि वह लिफोर्निया में एक मोटल में अस्थायी तौर पर काम कर रहा था, जहां उसे गुरुवार को गोली मार दी गई।
अभिषेक सैन बर्नार्डिनो में कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी में मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रहा था। यह घटना गुरुवार की सुबह 11.30 से दोपहर 12.30 बजे के बीच की है। चूंकि पोस्टमॉर्टम समेत कानूनी प्रक्रिया में कुछ समय लग सकता है, इसलिए परिवार ने कैलिफोर्निया में ही अंतिम संस्कार करने का फैसला किया है।
परिवार ने कानूनी प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए कैलिफोर्निया के अधिकारियों के अलावा भारतीय दूतावास के साथ–साथ यहां के स्थानीय अधिकारियों से संपर्क किया है।

### सूरीनाम के राष्ट्रपति को 1982 की हत्याओं के मामले में 20 साल की सजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पैरामारिबो। सूरीनाम के राष्ट्रपति डेजी बोउटर्स को एक सैन्य अदालत ने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों की हत्या के मामले में शुक्रवार को 20 साल कैद की सजा सुनाई। मामला 1982 का है जब बोउटर्स दक्षिणी अमेरिकी देश के तानाशाह थे। बोउटर्स के वकील इरविन कैनहई ने कहा कि राष्ट्रपति अभी चीन यात्रा पर हैं और अगले सप्ताह वापस आने के बाद फैसले के खिलाफ अपील करेंगे।
तथाकथित शदिसंबर हत्याएंश मामले ने हमेशा बोउटर्स के कार्यकाल को धूमिल किया है, जिसमें शासन ने 13 नागरिकों और दो सैन्य अधिकारियों की हत्या की थी। वहीं बोउटर्स ने हमेशा इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा है कि मारे गए लोगों को सीआईए की मदद से तख्तापलट के खिलाफ कार्रवाई करने की साजिश रचने के मामले में गिरफ्तार किया गया था और भागने की कोशिश के दौरान उन्हें गोली मारी गई थी।

# तालिबान के साथ दोबारा बातचीत शुरू कर सकता है अमेरिका

## थैंक्स गिविंग डे पर गुप्त यात्रा पर अफगानिस्तान पहुंचे थे ट्रंप

**घोषणा**

■तालिबान ने कहा कि इस मुद्दे पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
वॉशिंगटन। अमेरिका और अफगान तालिबान के बीच बातचीत का दौर एक बार फिर शुरू हो सकता है। अपनी 36 घंटे की खुफिया अफगानिस्तान यात्रा के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने इस बात की घोषणा की। अपनी पहली अफगानिस्तान यात्रा के दौरान ट्रंप ने सिर्फ साढ़े तीन घंटे का वक्त ही ग्राउंड पर बिताया।
तालिबान से दोबारा बातचीत शुरू करने के पत्रकारों के सवाल पर कहा ट्रंप ने कहा, हां। उन्होंने कहा, तालिबान समझौता करना चाहता है और हम उनसे मिलने वाले हैं। जब हम संघर्ष विराम चाहते थे, वे संघर्ष विराम नहीं चाहते थे और अब वे संघर्ष विराम चाहते हैं। मुझे लगता है कि ऐसे यह सफल हो पाएगा। अफगानिस्तान में अमेरिकी जंग 19वें साल में प्रवेश कर रही है। यह अमेरिकी इतिहास का सबसे लंबा युद्ध है। अपनी इस यात्रा के बाद अमेरिकी लौटे ट्रंप ने ट्वीट किया, श्अफगानिस्तान में हमारे बहादुर जवानों के साथ बहुत शानदार थैंक्सगिविंग डे मनाने के बाद अभी अमेरिका लौटा हूं।
ट्रंप ने अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी के साथ संक्षिप्त मुलाकात भी की। ट्रंप अपना प्लान बदलकर यहां पहुंचे थे। यहां पहुंचने पर ट्रंप ने काबुल के बाहर बगराम एयरबेस पर तैनात अमेरिकी सैनिकों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने सैनिकों को भोजन भी परोसा। उनके साथ 'टरकी' खाई, सेल्फी खिंचवाई।
बगराम एयर फील्ड पर तैनात सैनिकों को ट्रंप ने कहा, दुनिया के सबसे मजबूत, सर्वश्रेष्ठ और सबसे बहादुर सैनिकों के साथ के अलावा थैंक्स गिविंग डे मनाने की बेहतर जगह नहीं हो सकती। सितंबर में काबुल में हुए भीषण आतंकवादी हमले के बाद ट्रंप ने तालिबान के साथ वार्ता बंद कर दी थी। अफगानिस्तान की यात्रा के दौरान ट्रंप जर्मनी के एयरबेस में भी रुके थे। हालांकि इस तरह के हमले जारी रहे। ऐसे ही एक हमले में यूनाइटेड नेशंस डिवेलपमेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी) के इंडो–अमेरिकन नागरिक अनिल राज की बीते रविवार को मौत हो गई थी। इसके बावजूद ट्रंप ने बातचीत दोबारा शुरू करने को हरी झंडी दी है। ट्रंप ने संकेत दिए हैं कि तालिबान अब दोबारा बातचीत करने का इच्छुक है।
इस बीच तालिबान के प्रवक्ता जैबुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि इस मुद्दे पर तालिबान के पक्ष में कोई बदलाव नहीं आया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने बातचीत खत्म की थी और अब अगर वह बातचीत शुरू करना चाहता हैं तो तालिबान तैयार है। हालांकि एक अन्य प्रवक्ता ने शुक्रवार को समाचार एजेंसी एएफपी को वॉट्सऐप के जरिए कहा, अमेरिका के साथ सीधी वार्ता बहाल करने के बारे में कुछ कहना अभी जल्दबाजी होगी।

## ग्रीस ने समुद्री सीमा समझौते को लेकर तुर्की, लीबिया की निंदा की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
एथेंस। ग्रीस ने भूमध्य सागर में समुद्री सीमा निर्धारण को लेकर एक एमओयू पर हस्ताक्षर करने को लेकर तुर्की और लीबिया की निंदा की है। ग्रीस के मीडिया रपटों के अनुसार, ग्रीस के विदेश मंत्री निकोस डेंडियास ने एथेंस के असंतोष को जाहिर करने के लिए लीबिया के राजदूत को शुक्रवार को तलब किया और उन्हें बुधवार को इस्तांबुल में हस्ताक्षरित समझौते की प्रति को पांच दिसंबर तक प्रस्तुत करने के लिए कहा।
वहीं लीबियाई राजदूत को 'अवांछित व्यक्ति' के रूप में माना जाएगा और डेंडियास ने उन्हें चेतावनी दी है कि अगर समझौते को पेश करने में असफल होते हैं तो उन्हें एथेंस से निकाल दिया जाएगा।
समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, गुरुवार को डेंडियास ने ग्रीस में रह रहे तुर्की के राजदूत को भी तलब किया और एमओयू को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की। रिपोर्ट के अनुसार, एमओयू समझौते के बिंदुओं को अभी उजागर नहीं किया गया है, लेकिन ग्रीस इस बात को लेकर चिंतित है कि कहीं समझौते की वजह से भूमध्य सागर में ग्रीक द्वीपों की संप्रभुता के अधिकारों का उल्लंघन न हो।
एएमएनए के अनुसार, किरिआकोस ने आगामी सप्ताह लंदन में होने वाले नाटो सम्मेलन और दिसंबर में ईयू सम्मेलन में फ्रांस और यूरोप से समर्थन का आग्रह किया था।



## रूसी सेना के कैडेट्स गाने लगे, ऐ-वतन, ऐ-वतन हमको तेरी कसम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रूसी सेना के कैडेट्स का एक विडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस विडियो में रूसी कैडेट्स हिंदी का मशहूर देशभक्ति गीत– ए वतन, एतव हमको तेरी कसम, तेरी राहों में जां तक लुटा जाएंगेश– गा रहे हैं। यह 1965 में रिलीज हुई फिल्म शहीद का गीत है जिसे मोहम्मद रफी ने गाया था। सोशल मीडिया पर इस गीत को काफी पसंद किया जा रहा है। ट्विटर यूजर ने कहा– इसने मेरा दिन बना दिया, रूसी जवान ए–वतन, ए–वतन गा रहे हैं। मॉस्को में भारतीय दूतावास में सैन्य सलाहकार बृजेश पुष्कर को भी इस विडियो में देखा जा सकता है।

# लंदन आतंकी हमले में दो की मौत हमलावर को पुलिस ने किया ढेर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

घायलों में से दो की इलाज के दौरान मौत हुई है

लंदन। लंदन ब्रिज पर शुक्रवार को हुई चाकूबाजी की घटना को आतंकी हमला करार दिए जाने के बाद पुलिस की ओर से बयान जारी किया गया है कि हमले को अंजाम देने वाले संदिग्ध को ढेर कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध जो बॉम वेस्ट पहना था वह नकली थी। वहीं स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, घटना में घायल हुए लोगों में से दो की मौत हो गई है। स्कॉटलैंड यार्ड के काउंटर टेररिज्म पुलिसिंग के सहायक आयुक्त नील बसु ने लंदन के न्यू स्कॉटलैंड यार्ड मुख्यालय में मीडिया को दिए एक बयान में कहा कि इस घटना में कई लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है।
नील बसु ने बताया कि मेट्रोपॉलिटन पुलिस फोर्स इस हमले को लेकर पहले खुले दिमाग से वजह तलाशने की कोशिश कर रही थी क्योंकि इस इलाके में काउंटर–टैरर ऑफिसर्स लगातार सर्च अभियान चलाते हैं ताकि लोगों की जान को खतरे में डालने वाली कोई घटना न हो। उन्होंने अपने बयान में कहा, हमें आज दोपहर दो बजे लंदन ब्रिज पर चाकूबाजी की घटना की सूचना मिली, जिसके बाद मेट्रोपॉलिटन पुलिस और सिटी ऑफ लंदन पुलिस के ऑफिसर्स मौके पर पहुंचे और कार्रवाई शुरू की। लंदन पुलिस के ऑर्म्ड स्पेशलिस्ट ऑफिसर्स द्वारा संदिग्ध व्यक्ति को मौके पर ढेर कर दिया गया है। इस मामले की जांच अब यूके के काउंटर–टेरर यूनिट के अधिकारियों को सौंप दी गई है। बीबीसी की रिपोर्ट्स के मुताबिक, घायल लोगों में से दो की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है।
प्रधानमंत्री ने आगे कहा, मैं उन लोगों की असाधारण बहादुरी को भी श्रद्धांजलि देना चाहता हूं जिन्होंने दूसरों के जीवन को बचाने के लिए खुद की जान की परवाह किए बिना हमलवर को रोकने की कोशिश की।

### भारत,चीन को एशियाई सदी को साकार करने के लिये करीबी सहयोग करना चाहिए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। भारत और चीन के शीर्ष राजनयिक यहां एक बैठक में इस बात पर सहमत हुए कि दोनों देशों को क्षेत्रीय एवं वैश्विक स्तर पर सहयोग करना चाहिए और एशियाई सदी को साकार करने के लिये बहुआयामी संबंधों को अवश्य कायम रखना चाहिए। यहां शनिवार को संपन्न हुए चौथे भारत–चीन थिंक टैंक फोरम में दोनों देशों के राजनयिकों ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिये कई मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में भाग लेने वाले अधिकारियों ने सर्वसम्मति से यह विचार जाहिर किया कि दोनों देशों को द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर करीबी सहयोग करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मई 2015 में चीन यात्रा के दौरान थिंक–टैंक फोरम की स्थापना की गई थी। इस फोरम का आयोजन आईसीडब्ल्यूए और सीएएसएस ने संयुक्त रूप से किया। भारतीय दूतावास ने यहां जारी एक बयान में कहा है 'एशियाई सदी में भारत–चीन संबंध' के तहत इस मंच ने भारत और चीन के बीच करीबी विकास साझेदारी बनाने सहित विभिन्न मुद्दों पर गहराई से चर्चा की।